# SSC एवं रेलवे परीक्षा

## हेतु साप्ताहिक करेंट अफेयर्स (जनवरी 22-31)




gradeup

## साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस
## 22-31 जनवरी 2019

**प्रिय पाठकों,**
यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटदस **चौथे सप्ताह** (22-31) **जनवरी** 2019 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है।यह फाइल सभी **S.S.C.** और **रेलवे परीक्षाओं** के लिए महत्पूर्ण है।

### महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. **इंडिया स्टील 2019 प्रदर्शनी और सम्मेलन** कहां शुरू हुआ _____**मुंबई।**
**नोट:**
   - इस समारोह ने सभी हितधारकों को इस्पात क्षेत्र के विकास के लिए एक मजबूत रोडमैप बनाने में योगदान करने के तरीकों पर विचार करने और उन्हें पहचानने का अवसर प्रदान किया।
   - भारत और विदेश दोनों से लगभग 10 हजार व्यापारिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है।
   - इस्पात मंत्रालय द्वारा आयोजित तीन-दिवसीय कार्यक्रम से इस्पात उद्योग के भविष्य के विकास के मार्ग का पता लगाने में मदद मिलेगी।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की किस जयंती के उपलक्ष्य में लाल किले (दिल्ली में) में नेताजी सुभाष चंद्र बोस संग्रहालय का उद्घाटन किया____**122वीं जयंती।**
**नोट:**
   - संग्रहालय में सुभाष चंद्र बोस और भारतीय राष्ट्रीय सेना से संबंधित विभिन्न कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है।
   - प्रधान मंत्री ने **याद-ए-जलियां संग्रहालय** का भी दौरा किया, जो जलियांवाला बाग नरसंहार (13 अप्रैल, 1919 की घटना) की प्रामाणिकता का वर्णन करता है।
   - संग्रहालय प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों की वीरता, साहस और बलिदान को भी दर्शाता है।
3. आयुष मंत्री **श्रीपद नाइक** ने कहां पर दूसरे विश्व एकीकृत चिकित्सा फोरम 2019 का उद्घाटन किया _____**गोवा।**
**नोट:**
   - फोरम की आयोजक आयुष मंत्रालय के तहत **केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद** है।
   - होम्योपैथिक औषधीय उत्पादों का विनियमन दुनिया भर में अत्यधिक परिवर्तनशील है।
   - फोरम द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग के संभावित लाभ और हानियों का पता लगाकर उन्हें स्पष्ट करेगा और एक सहयोगात्मक आधार पर वैश्विक सहयोग को आगे बढ़ाएगा।
4. **क्रिसिल** की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2017-18 में **GSDP** (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) विकास के मामले में शीर्ष स्थान हासिल करने वाला राज्य ____**बिहार।**
**नोट:**





- वित्तीय वर्ष 2017-18 में **GSDP** (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) विकास के मामले में **बिहार को शीर्ष राज्य** का दर्जा दिया गया है।
- वित्तीय वर्ष 2018 में 11.3 प्रतिशत GSDP विकास दर्ज करके राज्य ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। 9.9 प्रतिशत GSDP विकास के साथ यह वित्त वर्ष 2017 में आठवें स्थान पर था।
- दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश ने हासिल किया है, जिसका वित्त वर्ष 18 में GSDP विकास 11.2 प्रतिशत रहा। गुजरात 11.1 प्रतिशत विकास के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

5. भारतीय नौसेना द्वारा संचालित सबसे बड़ा रक्षा अभ्यास_____**Sea Vigil.**

**नोट:**

- यह भारत के पूरे 7516.6 किमी के समुद्र तट और विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) में शुरू हो गया है।
- यह नौसेना द्वारा आयोजित प्रमुख युद्ध क्षेत्र स्तरीय त्रि-सेवा अभ्यास TROPEX की ओर एक कदम है।
- 'Sea Vigil' और TROPEX साथ मिलकर शांति से संघर्ष तक परिवर्तन सहित समुद्री सुरक्षा का पूर्ण विस्तार करेंगे।

6. **केंद्र सरकार** प्रवासी भारतीयों को मुख्य रूप से किसके लिए विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों द्वारा जारी किए जाने वाले **नगरपालिका बांड** लेने की अनुमति देने पर विचार कर रही है______**स्वच्छ भारत परियोजनाओं।**

**नोट:**

- विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, मनोज भारती के अनुसार, "आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय वर्तमान में विशेष रूप से स्वच्छ भारत गतिविधियों के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा इन बांडों की सदस्यता लेने हेतु एक हिस्सा जारी करने पर विचार कर रहा है।"
- नगरपालिका बांड नगरपालिका निकायों और नगर निगमों द्वारा दिन-प्रतिदिन की आवश्यकताओं के वित्तपोषण हेतु जारी किए गए ऋण आबंध हैं।

7. 15वें प्रवासी भारतीय दिवस का समापन कहां हुआ_____**वाराणसी।**

**नोट:**

- PBD सम्मेलन 2019 का विषय **"नए भारत के निर्माण में भारतीय प्रवासियों की भूमिका"** (Role of Indian Diaspora in building New India) था।
- सम्मेलन के बाद प्रवासी भारतीय 25 जनवरी को दिल्ली जाएंगे और 26 जनवरी को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे।

8. नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा ने नए नौसेना एयर बेस **'INS कुहासा'** का संचालन कहां शुरू किया______**डिगलीपुर।**

**नोट:**

- डिगलीपुर में नए एयरबेस 'INS कुहासा' का उपयोग हेलीकॉप्टर और डोर्नियर जैसे छोटे विमानों के संचालन के लिए किया जाएगा।
- डिगलीपुर में हवाई अड्डे का उपयोग रक्षा एवं नागरिक विमान दोनों के लिए किया जाएगा।

9. गणतंत्र दिवस परेड 2019 के मुख्य अतिथि बनने वाले दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ____**सिरिल रामफोसा।**

**नोट:**

- वह परेड में मुख्य अतिथि के रूप में नेल्सन मंडेला के बाद दक्षिण अफ्रीका के दूसरे राष्ट्रपति हैं।





- वर्ष 2018 में, 10 आसियान देशों - थाईलैंड, वियतनाम, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस और ब्रुनेई के नेता गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे।

10. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** द्वारा शुरु की गई योजना, जिसके तहत भारतीय प्रवासियों के एक समूह को वर्ष में दो बार सरकार-प्रायोजित यात्रा के माध्यम से भारत के धार्मिक स्थलों के भ्रमण पर ले जाया जाएगा ने ___**प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना।**

    **नोट:**

    - प्रधान मंत्री मोदी ने, वाराणसी में **दीन दयाल हस्तकला संकुल में उत्कृष्टता केंद्र** का भी उद्घाटन किया।
    - उन्होंने दो पुस्तकों - 'Kashi: The Universe of Crafts and Textiles' और 'Indian Textiles: History, Splendour, Grandeur' का विमोचन भी किया।

11. बीटिंग रिट्रीट समारोह किस ऐतिहासिक स्थल पर आयोजित किया गया______**विजय चौक, नई दिल्ली।**

    **नोट:**

    - इस वर्ष, रेजिमेंटल सेंटर और बटालियन से 15 सैन्य बैंड, 15 पाइप एवं ड्रम बैंड बीटिंग रिट्रीट समारोह में भाग ले रहे हैं।
    - 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह चार दिवसीय गणतंत्र दिवस समारोह के समापन पर यहां हर वर्ष 29 जनवरी को आयोजित किया जाता है।
    - यह समारोह वर्ष 1950 के आरंभ में शुरु हुआ था जब भारतीय सेना के मेजर रॉबर्ट्स ने बड़े पैमाने पर बैंड द्वारा प्रदर्शन के अनूठे समारोह का आयोजन किया था।

12. बिना इंटरनेट कनेक्टिविटी या कम सिग्नल वाले क्षेत्रों में एस.एम.एस के माध्यम से डेटा कनेक्टिविटी की पेशकश करने के लिए फ्रांसीसी कंपनी बी-बाउंड के साथ किसने भागीदारी की _____ **बी.एस.एन.एल।**

    **नोट:**

    - दोनों कंपनियों ने भारत में सेवा के लिए संयुक्त रूप से एक व्यापार साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए।
    - तकनीक को मोबाइल एप्लिकेशन में स्थापित किया जाएगा। यदि यह ऐप एस.एम.एस-आधारित कनेक्टिविटी के लिए डेटा कनेक्टिविटी नहीं प्राप्त करता है, तो ऐप बी-बाउंड सर्वर को एक कमांड भेजेगा।
    - 'बी-बाउंड' सर्वर ऐप से कमांड मिलने के बाद एस.एम.एस कनेक्टिविटी की सुविधा देगा।

13. पर्यटन मंत्रालय के महानिदेशक श्री **सत्यजीत राजन** ने छह दिवसीय सांस्कृतिक समारोह **भारत पर्व** (चौथा संस्करण) का उद्घाटन कहां किया ______**दिल्ली।**

    **नोट:**

    - समारोह का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति का भाव उत्पन्न करना, देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना और आम जनता की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है।
    - इस पर्व का विषय राज्य मंडपों का भी परिचारक है, जहां प्रत्येक राज्य अपने पर्यटन उत्पादों के साथ अपनी मजबूती प्रदर्शित करता है।

14. **रक्षा मंत्रालय** ने नई दिल्ली के **गणतंत्र दिवस समारोह** के मुख्य अंश उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कौन सा मोबाइल ऐप लॉन्च किया _____ **RDP India 2019.**

    **नोट:**



Free mock test for SSC CGL 2018 ATTEMPT NOW

- यह सरकार के डिजिटल भारत अभियान के साथ एक नई पहल है।
- इसमें विभिन्न राज्यों और मंत्रालयों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली झांकी, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, फ्लाई पास्ट (विमान परेड) और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2019 के विजेताओं के नाम भी शामिल हैं।

15. **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT),** रोपड़ ने कौन सा एंड्रॉइड ऐप विकसित किया ______**रोशनी।**

**नोट:**

- यह मुद्रा नोटों को पहचानने में दृष्टिबाधितों की मदद करेगा।
- रोशनी ऐप पुराने और नए दोनों नोटों को पहचान सकता है और आपको उस नोट की ऑडियो में जानकारी देता है जो आप हाथों में पकड़े हुए हैं।

16. भारत की सबसे तेज स्वदेशी ट्रेन जो दिल्ली से वाराणसी तक चलेगी, का नाम बदलकर क्या कर दिया गया __ **वंदे भारत एक्सप्रेस।**

**नोट:**

- यह भारतीय इंजीनियरों द्वारा 18 महीनों की अवधि में पूरी तरह से भारत में निर्मित ट्रेन है और यह एक उदाहरण है कि मेक इन इंडिया के तहत विश्व स्तरीय ट्रेन बनाना संभव है।
- 16-कोच वाली ट्रेन को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई द्वारा बनाया गया है और यह 8 घंटे में अपनी दूरी तय करेगी।
- ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित होगी और कानपुर तथा इलाहाबाद में रुकेगी।

17. **मानव संसाधन विकास मंत्रालय** ने किस कार्यक्रम में भारत की भागीदारी के लिए **आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD)** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं _____**अंतर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (PISA)** 2021

**नोट:**

- PISA द्वारा छात्र का मूल्यांकन शिक्षा के माध्यम से सीखने के परिणाम को सुनिश्चित करेगा।

## राज्य समाचार

1. **मधु बाबू पेंशन योजना (MBPP)** के तहत सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 200 रुपये प्रति माह की वृद्धि करने की घोषणा करने वाली राज्य सरकार ______**ओडिशा।**

**नोट:**

- यह 15 फरवरी, 2019 से लागू होगा।
- मधु बाबू पेंशन योजना (MBPY) ओडिशा राज्य में विकलांगों, वृद्धजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के तहत एक पेंशन योजना है।
- इस योजना को दो पेंशन योजनाओं अर्थात संशोधित वृद्धावस्था पेंशन नियम, 1989 और विकलांगता पेंशन नियम, 1985 का विलय करके बनाया गया था।

2. असम के गुवाहाटी में, **रेलवे सुरक्षा बल (RPF)** के किस महिला दस्ते की शुरुआत की _____**जयमती वाहिनी।**

**नोट:**



Free mock test for
SSC CGL 2018
ATTEMPT NOW

- ➢ जयमती वाहिनी का उद्देश्य गुवाहाटी क्षेत्र के आसपास रेलवे परिसर और रेलगाड़ियों में महिला सुरक्षा को मजबूत करना है।

3. केंद्रीय मंत्री **नितिन गडकरी** ने **6 नमामि गंगे परियोजनाओं** की नींव कहां रखी ______**आगरा और मथुरा।**

**नोट:**

- ➢ वृंदावन में सीवरेज अवसंरचना और एस.टी.पी का संवर्द्धन/उन्नयन 33.82 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी किया गया है।
- ➢ आगरा की परियोजनाओं में 'वन-सिटी-वन-ऑपरेटर' के साथ हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर 176 एम.एल.डी के नए एस.टी.पी का निर्माण, उन्नयन, पुराने संयंत्रों के पुनरुद्धार और 15 वर्षों के लिए O&M के साथ शहर हेतु व्यापक सीवरेज योजना शामिल है।

4. अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री **पेमा खांडू** ने कहां पर **पाक्के पागा हॉर्नबिल महोत्सव (PPHF)** को **'राज्य महोत्सव'** घोषित किया_____ **सिजोसा, पूर्वी कामेंग जिला।**

**नोट:**

- ➢ अरुणाचल प्रदेश वन विभाग वर्ष 2020 से महोत्सव का वित्तपोषण करेगा और महोत्सव के मैदान के लिए स्थाई अवसंरचना का निर्माण किया जाएगा।
- ➢ PPHF महोत्सव पाक्के बाघ अभयारण्य (PTR) में हॉर्नबिल पक्षी के संरक्षण में स्थानीय न्याशी जनजाति द्वारा निभाई गई भूमिका के सम्मान में वर्ष 2015 में पहली बार मनाया गया था।

5. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री **नितिन गडकरी** ने कहां पर बना **किरियां-गंडियल पुल** राष्ट्र को समर्पित किया_____ **जम्मू-कश्मीर।**

**नोट:**

- ➢ कठुआ जिले में रावी नदी पर 1.2 किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण 158.84 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।
- ➢ इससे दोनों शहरों के बीच की दूरी 45 किलोमीटर से कम होकर 8.6 किलोमीटर हो जाएगी और दोनों ओर- कठुआ (जम्मू) और पठानकोट (पंजाब) के 2,20,000 से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।

6. **वार्षिक आदिवासी मेला -2019** में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के कल्याण के लिए **'जीवन संपर्क' योजना** की घोषणा करने वाली राज्य सरकार _____ **ओडिशा।**

**नोट:**

- ➢ ओडिशा में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTG) के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए जीवन संपर्क योजना UNICEF के साथ मिलकर शुरु की गई है।
- ➢ जीवन संपर्क योजना के मुख्य क्षेत्र कौशल विकास, समुदायों का सशक्तिकरण, समूहों के बीच सहयोग और नवाचार हैं।

7. व्यापार संवाददाता एजेंटों के रूप में **उचित मूल्य की दुकाने** (FPS) शुरु करने के लिए निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक के साथ साझेदारी करने वाली राज्य सरकार __ **महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- ➢ यस बैंक पालघर, ठाणे, पुणे, कोल्हापुर, लातूर जैसे महाराष्ट्र के 12 जिलों में 40% उचित मूल्य की दुकानें खोलेगा।





8. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) की नींव रखी______**मदुरै।**

**नोट:**

- श्री मोदी ने एक दर्जन पोस्ट ऑफिस पास पोर्ट सेवा केंद्र भी राष्ट्र को समर्पित किए।
- केरल में, श्री मोदी ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का एकीकृत रिफाइनरी विस्तार परिसर राष्ट्र को समर्पित करने के लिए एक पट्टिका का अनावरण किया और कोच्चि में एक पेट्रोकेमिकल परिसर की नींव रखी।

9. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गोवा के पणजी में चार लेन के किस सेतु का उद्घाटन किया____**अटल सेतु।**

**नोट:**

- यह **माण्डवी नदी** पर तीसरा पुल है।
- यह पुल पणजी सर्किल और पणजी के प्रवेश मार्ग पर आने वाले अवरोधों को दूर करेगा और ट्रैफिक जाम पर अंकुश लगाएगा।

10. ट्यूलिप उद्यान स्थापित करने की अनुमति प्राप्त करने वाली राज्य सरकार_____ **उत्तराखंड।**

**नोट:**

- यह देश का **दूसरा ट्यूलिप गार्डन** (पहला श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर) होगा।
- यह ONGC (तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम) द्वारा अपने सी.एस.आर कार्यक्रम के तहत पिथौरागढ़ जिले में चंडक पर्वत शिखर के निकट 50 करोड़ रुपये की लागत से 50 हेक्टेयर वन भूमि पर स्थापित किया जाएगा।

11. नगालैंड के मुख्यमंत्री श्री **नेफियू रियो** ने कहां पर इंदिरा गांधी स्टेडियम में राज्य की पहली **एस्ट्रो टर्फ फुटबॉल पिच** का उद्घाटन किया ______ **कोहिमा।**

**नोट:**

- एस्ट्रो टर्फ को फीफा के विनिर्देशों और मानदंडों के बाद स्थापित किया गया है।
- यह नागालैंड में फुटबॉल से संबंधित खेल विकास की प्रक्रिया शुरू करेगा।

12. कपड़ा मंत्री **स्मृति जुबीन ईरानी** ने कहां पर **नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल्स कॉन्क्लेव** की अध्यक्षता की _____ **मुंबई।**

**नोट:**

- टेक्निकल टेक्सटाइल कपड़े की वह सामग्री और उत्पाद हैं जो मुख्य रूप से तकनीकी प्रदर्शन और कार्यात्मक गुणों के लिए बनाए जाते हैं।
- यह कार्यक्रम **टेक्नो टेक्स** 2019 के लिए शुरुआत का प्रतीक भी होगा।

13. राज्य में बाघों की रक्षा के लिए एक **'राज्य बाघ सुरक्षा बल'** का गठन करने का निर्णय लेने वाली राज्य सरकार _____**तेलंगाना।**

**नोट:**

- STPF (112 सदस्यीय) का नेतृत्व सहायक वन संरक्षक द्वारा किया जाएगा ताकि वे अमाराबाद और कवल बाघ अभयारण्य में बाघों की रक्षा कर सकें।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. वेनेजुएला के राष्ट्रपति **निकोलस मादुरो** ने किस देश के साथ राजनयिक संबंधों को समाप्त करने की घोषणा की ______ **अमेरिका।**



Free mock test for SSC CGL 2018 ATTEMPT NOW

**नोट:**

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने राजनयिक संबंधों को समाप्त करने के मादुरो के कदम को यह कहते हुए अस्वीकार किया है, कि वे नहीं सोंचते हैं कि उनके पास संबंधों का अंत करने का अधिकार है और वह विपक्षी नेता जुआन गुएदो के नेतृत्व वाली सरकार के साथ संबंधों का संचालन करेंगे।
- यूरोपीय संघ ने दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में राजनीतिक प्रक्रिया की तत्काल शुरुआत करने को कहा है।

2. **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)** ने कहां पर स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से छात्रों के उपग्रह **कलामसैट** और एक **इमेजिंग उपग्रह Microsat-R** को लॉन्च किया_____ **श्रीहरिकोटा।**

**नोट:**

- कलामसैट पहली बार छात्रों और चेन्नई स्थित स्पेस किड्ज इंडिया द्वारा विकसित एक पेलोड है।
- Microsat-R उपग्रह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

3. **भारत अफ्रीका फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास (IAFTX)-2019** कहां पर स्थित औंध मिलिट्री स्टेशन और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग में आयोजित किया जाएगा_____**पुणे।**

**नोट:**

- संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास एक दर्जन से अधिक अफ्रीकी देशों और भारत के साथ आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य मानवीय मूल्यों और संयुक्त शांति अभियानों का समन्वय करना है।
- IAFTX-2019 अफ्रीकी महाद्वीप के सदस्य राष्ट्रों के साथ बढ़ते राजनीतिक और सैन्य संबंधों की दिशा में एक सकारात्मक कदम है और इससे देशों के बीच पहले से मजबूत रणनीतिक सहयोग को प्रोत्साहन मिलेगा।

4. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किनकी भर्ती में सहयोग के लिए भारत और कुवैत के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी _____**घरेलू मजदूरों।**

**नोट:**

- समझौता ज्ञापन घरेलू मजदूरों से संबंधित मामलों पर सहयोग के लिए एक संरचित ढांचा प्रदान करता है और कुवैत में तैनात महिला श्रमिकों सहित भारतीय घरेलू श्रमिकों के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय प्रदान करता है।
- समझौता ज्ञापन शुरू में पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध है और इसमें स्वत: नवीनीकरण का प्रावधान शामिल है।
- कुवैत में तैनात लगभग 3,00,000 भारतीय घरेलू मजदूर प्रमुख लाभार्थी होंगे। इसमें लगभग 90,000 महिला घरेलू मजदूर शामिल हैं।

5. ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर 2018-19 के रूप में किसे घोषित किया____ **Nari Shakti.**

**नोट:**

- भाषा विशेषज्ञों के एक पैनल की सहायता से ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी (इंडिया) ने इस शब्द का चयन किया।
- 'Nari Shakti' (संस्कृत से व्युत्पन्न), में शब्द 'Nari' का अर्थ है महिला और 'Shakti' का अर्थ है शक्ति।

6. पाकिस्तान सरकार ने देश का 'राष्ट्रीय पेय' किसे घोषित किया_____ **गन्ने के रस।**

**नोट:**

- मतों के अनुसार, 7,616 या 81% लोगों ने गन्ने के रस के पक्ष में अपना मत दिया, 15% ने संतरे के जूस के लिए मतदान किया जबकि 4% ने गाजर को चुना।
- जनता से दो अन्य विकल्पों (नारंगी और गाजर) के साथ देश के राष्ट्रीय पेय पर निर्णय लेने को कहा गया था।





## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. **UAE और सऊदी अरब के केंद्रीय बैंकों** ने किस सार्वजनिक डिजिटल मुद्रा की शुरुआत की है _____ **अबेर (Aber)।**

**नोट:**

- इसका उपयोग ब्लॉकचेन और डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी के माध्यम से दोनों देशों के बीच वित्तीय निपटान में किया जाएगा।
- यह दोनों देशों के केंद्रीय वित्तीय हस्तांतरण प्रणालियों के लिए एक अतिरिक्त साधन स्थापित करेगा और बैंकों को वित्तीय प्रेषण संचालन में एक-दूसरे से सीधे लेन-देन करने में सक्षम बनाएगा।

2. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस वर्ष किस दर से विकास करेगा_______ **7.5%.**

**नोट:**

- आई.एम.एफ ने तेल की कीमतों में कमी और मौद्रिक दबाव की मंद गति को इसकी वजह बताया।
- इससे पहले, प्राइस वॉटरहाउस कूपर ग्लोबल इकोनॉमी वॉच ने कहा कि भारत के इस वर्ष दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की रैंकिंग में यूनाइटेड किंगडम से आगे निकलने की संभावना है।

3. **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने किस बैंक के प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में **वी. वैद्यनाथन** की नियुक्ति को मंजूरी दी ______ **IDFC फर्स्ट बैंक।**

**नोट:**

- दिसंबर 2018 में, IDFC बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी कैपिटल फर्स्ट ने अपना विलय पूरा करके विलयित संस्था IDFC फर्स्ट बैंक नाम से 1.03 लाख करोड़ रुपये की संयुक्त ऋण परिसंपत्ति वाली कंपनी बनाई थी।

4. **नेपाल के केंद्रीय बैंक** की एक विज्ञप्ति के अनुसार, नेपाल में किस मूल्य वर्ग की भारतीय मुद्रा को व्यापार के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता_____ **200 रुपये, 500 रुपये और 2,000 रुपये।**

**नोट:**

- नए विनियमन के तहत, नेपाली नागरिक इस मूल्य वर्ग के नोटों को भारत के अलावा अन्य देशों में नहीं ले जा सकते हैं।
- हालांकि व्यापार और मुद्रा परिवर्तन के लिए 100 रुपये या उससे नीचे के भारतीय नोटों की अनुमति है।
- भारत सरकार ने वर्ष 2016 में 500 रुपये और 1,000 रुपये के पुराने नोटों के विमुद्रीकरण के बाद 2000 रुपये, 500 रुपये और 200 मूल्यवर्ग के नए बैंकनोट जारी किए थे।

5. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कहां पर स्थित **माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण** (GSTAT) की **राष्ट्रीय पीठ** के गठन को मंजूरी दी_____**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- GSTAT की अध्यक्षता इसके अध्यक्ष करेंगे और इसमें केंद्र और राज्य से एक-एक तकनीकी सदस्य शामिल होंगे।
- GSTAT की राष्ट्रीय पीठ के गठन में 92.50 लाख रुपये का एकबारगी व्यय होगा, जबकि आवर्ती व्यय प्रति वर्ष 6.86 करोड़ रुपये होगा।

6. **अज्ञेय कुमार आजाद** पंजाब नेशनल बैंक में किस पद पर नियुक्त किए गए _____ **कार्यकारी निदेशक।**





**नोट**:

- वर्तमान में, PNB के दो कार्यकारी निदेशक हैं।
- दूसरे मौजूदा कार्यकारी निदेशक एल.वी. प्रभाकर हैं।

7. **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने इस वर्ष फरवरी में कितनी धनराशि के लिए **ओपन मार्केट ऑपरेशंस (OMO)** के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद का फैसला किया है___ **375 बिलियन रुपये।**

**नोट**:

- फरवरी 2019 के दूसरे, तीसरे और चौथे सप्ताह के दौरान 125 बिलियन रुपये की तीन नीलामी (पहले सप्ताह कोई नीलामी नहीं) की जाएंगी।
- RBI सिस्टम में फैली नकदी की स्थिति और स्थाई नकदी आवश्यकताओं की निगरानी कर रहा है।
- एक ओपन मार्केट ऑपरेशन (OMO) एक केंद्रीय बैंक द्वारा एक बैंक या बैंकों के समूह को (या से) अपनी मुद्रा में नकदी देने (या लेने) की एक गतिविधि है।

8. **वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा सूचकांक (GTCI) 2019** में भारत का स्थान _______**80वां स्थान।**

**नोट**:

- यह सूचकांक INSEAD बिजनेस स्कूल ने टाटा कम्युनिकेशंस और एडेको ग्रुप के साथ साझेदारी में जारी किया।
- चीन ब्रिक्स देशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला देश रहा, जिसका स्थान 45वां है।
- इस सूचकांक में स्विट्जरलैंड शीर्ष पर, इसके बाद सिंगापुर और अमेरिका का स्थान है।
- पिछले वर्ष 2018 में, भारत का स्थान 81वां था।

9. निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक का MD और CEO किन्हें नियुक्त किया गया___**रवनीत गिल।**

**नोट**:

- श्री गिल वर्तमान में विदेशी ऋणदाता ड्यूश बैंक के भारत देश के प्रमुख हैं।
- वह यस बैंक के वर्तमान MD और CEO राणा कपूर की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो रहा है।
- श्री गिल, वर्ष 1991 में ड्यूश बैंक में शामिल हुए और जुलाई 2012 में इसके भारत के CEO बने।

10. संयुक्त राष्ट्र की **विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावना** (WESP) रिपोर्ट 2019 के अनुसार, भारत की GDP विकास दर वर्ष 2019-20 में कितनी पहुंचने की उम्मीद है _____ **7.6%.**

**नोट**:

- एक वर्ष बाद विकास दर घटकर 7.4 प्रतिशत पर आ सकती है।
- भारत वर्ष 2019 के साथ-साथ वर्ष 2020 में भी चीन से आगे रहते हुए विश्व की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

11. क्रिसिल रेटिंग के अनुसार, वर्ष 2019-20 में भारत की विकास दर कितनी पहुंचने की संभावना है ____ **7.3%.**

**नोट**:

- चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना है जो वर्ष 2017-18 की 6.7 प्रतिशत दर से अधिक है।





- रेटिंग एजेंसी ने अपनी **'इंडिया आउटलुक FY20' रिपोर्ट** में कहा, "वित्त वर्ष 2020 में, सामान्य बारिश, वर्ष 2018 की तुलना में तेल की कीमतों में कमी जैसे अनुमानों पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP) 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है।

12. निजी क्षेत्र के बैंक लक्ष्मी विलास बैंक ने किन्हें प्रबंध निदेशक नियुक्त किया ____**पार्थसारथी मुखर्जी।**

**नोट:**

- वह 25 जनवरी से अगले दो वर्ष तक इस पद पर बने रहेंगे।
- मुखर्जी ने 25 जनवरी, 2016 को तीन वर्ष के लिए बैंक में पदभार ग्रहण किया था और बुरे ऋणों द्वारा मुनाफे को प्रभावित करने से पहले वे प्रारंभ में सकारात्मक बदलाव लाए थे।

13. हज यात्रा पर माल एवं सेवा कर (GST) 18% से घटाकर कितना किया गया ____**5%.**

**नोट:**

- यह मुख्य रूप से हवाई किराए को काफी कम कर देगा जिससे इस वर्ष हज यात्रियों के 113 करोड़ रुपये की बचत होगी।
- आजादी के बाद पहली बार, भारत से 2,340 महिलाओं को बिना मेहरम के वर्ष 2019 हज पर भेजा जाएगा।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. राष्ट्रीय बालिका दिवस हर वर्ष मनाया जाता है______**24 जनवरी।**

**नोट:**

- इस वर्ष का विषय **'एक बेहतर भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण'** (Empowering Girls for a Brighter Tomorrow) है।
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने **'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'** योजना की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दिल्ली में एक समारोह आयोजित किया। महिला एवं बाल विकास मंत्री **मेनका गांधी** समारोह की मुख्य अतिथि होंगी।
- यह मिशन पूरे देश में लड़कियों को बढ़ावा देने के प्रति लोगों के बीच जागरूकता पैदा करता है।

2. **'कुष्ठ रोग निवारण दिवस'** (Anti-Leprosy Day) हर वर्ष किस महान व्यक्ति की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है_____ **महात्मा गांधी।**

**नोट:**

- स्वास्थ्य मंत्रालय के केंद्रीय कुष्ठ रोग विभाग द्वारा पूरे देश की ग्राम सभाओं में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता अभियान **'स्पर्श'** का आयोजन किया गया।
- इस अभियान में रोग प्रभावित लोगों की सहायता के लिए रोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई हैं।

3. उत्तर प्रदेश का 69वां स्थापना दिवस कब मनाया गया_____**24 जनवरी।**

**नोट:**

- इस अवसर के उपलक्ष्य में लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया।





- ➢ उत्तर प्रदेश को पहले संयुक्त प्रांत के नाम से जाना जाता था, लेकिन एक गजट अधिसूचना के माध्यम से, इसका नाम 24 जनवरी, 1950 को उत्तर प्रदेश कर दिया गया।

4. भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया ____**25 जनवरी।**

**नोट:**

- ➢ इस वर्ष, भारत राष्ट्रीय मतदाता दिवस का 9वां संस्करण मना रहा है।
- ➢ भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को की गई थी। इसलिए, वर्ष 2011 से, इस दिन राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

5. हिमाचल प्रदेश ने 49वां स्थापना दिवस कब मनाया____**25 जनवरी।**

**नोट:**

- ➢ 18 दिसंबर, 1970 को संसद द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम पारित किया गया था और 25 जनवरी, 1971 को एक नया राज्य अस्तित्व में आया और यह भारत का **18वां राज्य** बना।
- ➢ वाई.एस. परमार राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने।

## श्रद्धांजलियां

1. प्रख्यात लिंगायत ऋषि जिन्हें **"जीवित भगवान" (walking God)** के नाम से जाना जाता है, का कर्नाटक के तुमकुरु में निधन हो गया____ **शिवकुमार स्वामी।**

**नोट:**

- ➢ शिवकुमार स्वामी का जन्म कर्नाटक के रामनगर के वीरपुरा गांव में 1 अप्रैल, 1907 को हुआ था।
- ➢ शिवकुमार स्वामी ने कर्नाटक में मठ के शिक्षण संस्थानों की संख्या 4 (वर्ष 1940 में) से बढ़ाकर वर्तमान में 70 से अधिक की।

2. भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी जिनका हाल ही में निधन हो गया____**रघबीर सिंह भोला।**

**नोट:**

- ➢ भोला ने वर्ष 1956 में मेलबर्न (स्वर्ण पदक विजेता) और वर्ष 1960 में रोम ओलंपिक (रजत पदक विजेता) में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- ➢ वह दो बार के ओलंपिक पदक विजेता, अर्जुन पुरस्कार विजेता और एक जोशीले फील्ड हॉकी खिलाड़ी थे।

3. वरिष्ठ पत्रकार जिनका कोच्चि स्थित उनके आवास पर निधन हो गया____**गोपीनाथ कोचाट्टिल।**

**नोट:**

- ➢ उन्होंने मलयालम में शुरुआती यात्रा वृतांतों में से एक 'नजानकंद यूरोप' की रचना की थी।
- ➢ कोचाट्टिल ने पैट्रीऑट, मॉर्निंग पोस्ट, हांगकांग स्टैंडर्ड, साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट और डेक्कन हेराल्ड सहित कई प्रकाशनों के लिए काम किया।
- ➢ उन्होंने केरल कौमुदी की ऑनलाइन शाखा के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया।

4. प्रसिद्ध हिंदी लेखिका जिनका दिल्ली में निधन हो गया____**कृष्णा सोबती।**

**नोट:**





- सोबती ने काव्य रचनाओं से लेखन की शुरूआत की और फिर उन्होंने कथा साहित्य लिखे, जिसमें उन्हें कई पुरस्कार प्रदान किए गए।
- सोबती को भारतीय साहित्य में उनके योगदान के लिए वर्ष 1980 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और वर्ष 2017 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- सोबती को वर्ष 1981 में शिरोमणि पुरस्कार और वर्ष 1982 में हिंदी अकादमी पुरस्कार भी प्रदान किया गया।
- वर्ष 2018 में, उन्होंने अपना आत्मकथा उपन्यास - 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' विमोचित किया।

5. द न्यूयॉर्क टाइम्स के लिए हजारों कॉलम लिखने वाले पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक जिनका निधन हो गया___ **रसेल बेकर।**

   **नोट:**
   - रसेल बेकर ने वर्ष 1979 में समीक्षा के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता।
   - यह पहला पुलित्जर था जो समीक्षा के लिए एक हास्यप्रद कहानी लेखक को दिया गया था।

6. ऑस्कर विजेता फ्रांसीसी संगीतकार जिनका निधन हो गया___**मिशेल लेग्रैंड।**

   **नोट:**
   - लेग्रैंड ने 200 से अधिक फिल्म और सैकड़ों टीवी शो के साथ-साथ गीत भी लिखे (जो उनके अक्सर सुने जाने वाले जैज़ संगीत के लिए जाने जाते हैं)।
   - मिशेल लेग्रैंड ने अपने आधी सदी से अधिक के करियर में तीन ऑस्कर और पांच ग्रैमी जीते।
   - उन्होंने वर्ष 1969 में, फिल्म 'The Thomas Crown Affair' के गीत 'The Windmills of Your Mind' के लिए पहला ऑस्कर जीता।
   - इसके बाद उन्होंने फिल्म 'Summer of '42' (वर्ष 1972 में) और 'Yentl' (वर्ष 1984 में) में अपने संगीत के लिए ऑस्कर जीता।

7. पूर्व रक्षा मंत्री जिनका नई दिल्ली में निधन हो गया___**जॉर्ज फर्नांडीज़।**

   **नोट:**
   - श्री फर्नांडीज ने रेलवे, संचार और उद्योग के केंद्रीय मंत्री के रूप में भी कार्य किया।
   - वे नौ बार लोकसभा और एक बार राज्यसभा के लिए चुने गए।
   - अखिल भारतीय रेलवे पुरुष महासंघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने वर्ष 1974 में 1.5 मिलियन श्रमिकों वाली रेलवे हड़ताल का नेतृत्व किया, जिसके फलस्वरूप हजारों को जेल भेजा गया।

## नई नियुक्तियां

1. राजधानी एंटानानारिवो में **मेडागास्कर के राष्ट्रपति पद** की शपथ किसने ग्रहण की _____ **एंड्री राजोइलिना।**

   **नोट:**
   - उच्च संवैधानिक न्यायालय ने उन्हें 55.66% मतों के साथ विजेता घोषित किया था।
   - शपथ ग्रहण समारोह में 35 देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।



Free mock test for SSC CGL 2018 ATTEMPT NOW

- मेडागास्कर की आजादी के बाद से देश के इतिहास में यह पहली बार है कि दो निर्वाचित राष्ट्रपतियों के बीच लोकतांत्रिक सत्ता हस्तांतरण और शांतिपूर्ण सत्ता परिवर्तन हुआ।

2. **अरुण जेटली** के अमेरिका में सर्जरी से गुजरने के बाद **अंतरिम वित्त मंत्री** किन्हें नियुक्त किया गया___ **पीयूष गोयल।**

   **नोट:**
   - वर्तमान में रेल एवं कोयला मंत्री, श्री गोयल कॉरपोरेट मामलों के भी मंत्री होंगे।
   - अरुण जेटली बिना पोर्टफोलियो के मंत्री बने रहेंगे।

3. मलेशिया के नए राजा के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया __**सुल्तान अब्दुल्ला।**

   **नोट:**
   - मलेशिया का शाही घराना, जिसे शासकों के सदन के रूप में जाना जाता है, के नेताओं ने 59 वर्षीय सुल्तान अब्दुल्ला को मलेशिया की अद्‌वितीय क्रमिक राजतंत्र प्रणाली के तहत पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए चुना है।

4. क्रिस्टोफे जोसेफ मैरी डाबिरे को किस देश का नए प्रधान मंत्री नियुक्त किया गया___**बुर्किना फासो।**

   **नोट:**
   - पश्चिम अफ्रीकी आर्थिक एवं मौद्रिक संघ में बुर्किना फासो का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व आयुक्त डाबिरे ने वर्ष 1994 से 1996 के बीच रोच मार्क क्रिश्चियन कबोरे के साथ पूर्व राष्ट्रपति ब्लाइज़ कॉम्पोरे के समय में एक मंत्री के रूप में कार्य किया था।

5. **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की **क्षेत्रीय निदेशक** किन्हें नियुक्त किया गया____**पूनम खेत्रपाल सिंह।**

   **नोट:**
   - वह WHO के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक बनने वाली पहली महिला हैं।
   - डॉ. खेत्रपाल सिंह ने 1 फरवरी, 2014 को क्षेत्रीय निदेशक के रूप में अपना पांच वर्षीय कार्यकाल शुरू किया था।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. अपीजे कोलकाता साहित्य महोत्सव (AKLF) में **"वूमन्स वॉइस अवार्ड"** से सम्मानित अमेरिका निवासी भारतीय कवियित्री _____ **रंजनी मुरली।**

   **नोट:**
   - पुरस्कार का उद्‌देश्य भारतीय महिलाओं के रचनात्मक लेखन को पहचानना और प्रोत्साहित करना है।
   - रंजनी की पहली पुस्तक "Blind Screens" जुलाई, 2017 में प्रकाशित हुई थी।
   - उनकी दूसरी पुस्तक "Clearly you are ESL" ने ग्रेट इंडियन पोएट्री कलेक्शंस (GIPCs) एडिटर्स च्वॉइस अवार्ड जीता था।
   - पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र के साथ 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

2. **निर्णायक समिति विशेष पुरस्कार श्रेणी के तहत** सांसद के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए **सांसद रत्न पुरस्कार** से सम्मानित लोकसभा सांसद_____ **अनुराग ठाकुर।**

   **नोट:**





- वह निर्णायक समिति पुरस्कार पाने वाले पहले भाजपा सांसद बने।
- वर्ष 2010 में, पूर्व राष्ट्रपति **डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम** के सुझाव के बाद सांसद रत्न पुरस्कारों की स्थापना की गई थी।
- इसका उद्देश्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों को सम्मानित करना था।

3. प्रख्यात गुजराती कवि **सीतांशु यशचंद्र** को उनके गुजराती भाषा के किस काव्य संग्रह के लिए सरस्वती सम्मान 2017 से सम्मानित किया गया ____**वखार।**

**नोट:**

- पुरस्कार में 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के अलावा एक प्रशस्ति पत्र और एक पट्टिका शामिल है।
- वर्ष 2006 में पद्मश्री पुरस्कार विजेता श्री यशचंद्र, काव्य के साथ इतिहास के सम्मिश्रण के लिए जाने जाते हैं।
- उन्होंने अपनी पुरस्कार विजेता कृति "वखार" में समय की राजनीति, बड़ी और तात्कालिक मानवीय परिस्थितियों की खोज की।

4. ऑस्कर के लिए नामित भारत पृष्ठभूमि की लघु फिल्म____ **पीरियड: एंड ऑफ सेंटेंस।**

**नोट:**

- पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता रायका जेहताबची ने शॉर्ट फिल्म का निर्देशन किया है, जिसे गुनीत मोंगा के सिख्या एंटरटेनमेंट द्वारा बनाया गया है।
- डॉक्यूमेंट्री की पृष्ठभूमि दिल्ली के बाहर हापुड़ गांव की है, जहां महिलाएं मासिक धर्म के गहरे कलंक से लड़ते हुए एक शांत क्रांति का नेतृत्व करती हैं।

5. अशोक चक्र से किन्हें सम्मानित किया गया ___ **लांस नायक नजीर अहमद वानी।**

**नोट:**

- **लांस नायक वानी** (38-वर्षीय) जिन्होंने पिछले वर्ष नवंबर में कश्मीर के शोपियां में आतंकवाद-विरोधी अभियान के दौरान अपने जीवन का बलिदान दे दिया था, को भारत के सबसे बड़े वीरता पुरस्कार **अशोक चक्र** से सम्मानित किया जाएगा।
- अशोक चक्र युद्ध के मैदान से निरंतर वीरता, साहसी गतिविधियों या आत्म-बलिदान के लिए सर्वोच्च शांतिमय सैन्य पुरस्कार है।

6. शीर्ष 30 वैश्विक कंटेनर बंदरगाहोंमें सूचीबद्ध होने वाला भारत का एकमात्र बंदरगाह ___ **जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (JNPT)।**

**नोट:**

- नवीनतम लॉयड्स रिपोर्ट के अनुसार, भारत के प्रमुख कंटेनर बंदरगाह जे.एन.पी.टी को वैश्विक रूप से शीर्ष 30 कंटेनर बंदरगाहों में सूचीबद्ध किया गया है।
- नौपरिवहन मंत्रालय के अनुसार, जे.एन.पी.टी अपनी पिछली रैंकिंग की तुलना में, पांच पायदान ऊपर चढ़कर 28वें स्थान पर आ गया।
- यह नवी मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित है।

7. प्रणब मुखर्जी (पूर्व राष्ट्रपति), नानाजी देशमुख (भारतीय जनसंघ के नेता) और भूपेन हजारिका (गायक) को देश के किस सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया _____**भारत रत्न।**





**नोट:**

- एक आधिकारिक बयान में, सरकार ने कहा कि देशमुख और हजारिका को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया है।
- 'प्रणब दा' के नाम से प्रसिद्ध प्रणब मुखर्जी वर्ष 2012 से 2017 के बीच राष्ट्रपति थे।
- चार वर्ष के अंतराल के बाद भारत रत्न प्रदान किए गए हैं।
- इस वर्ष प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए 112 प्राप्तकर्ताओं को चुना गया है। इसमें 4 पद्म विभूषण, 14 पद्म भूषण और 94 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं।

8. केंद्र सरकार ने किस शीर्षक से एक वार्षिक पुरस्कार की स्थापना की _______ **सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार।**

   **नोट:**

   - इसकी घोषणा हर वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाएगी।
   - पुरस्कार में एक प्रमाणपत्र और 51 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

9. सामरिक प्रदर्शन (वित्तीय श्रेणी) में **सर्वश्रेष्ठ मिनी रत्न PSU** (सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम) से किसे सम्मानित किया गया _____ **नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL)।**

   **नोट:**

   - यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में सांसद मनोज तिवारी और पूनम ढिल्लों द्वारा एस.के. बरुआ (NRL के प्रबंध निदेशक) को प्रदान किया गया।
   - कंपनी को देश के विकास और सामरिक प्रदर्शन में उसके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।

10. असम सरकार ने **गणतंत्र दिवस पत्रकारिता पुरस्कार 2019** से किस अनुभवी पत्रकार को सम्मानित किया ______ **धीरेंद्र नाथ चक्रवर्ती।**

    **नोट:**

    - चक्रवर्ती को राज्य में पत्रकारिता में उनके आजीवन योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
    - पुरस्कार में एक लाख रुपए नकद, एक प्रशस्ति पत्र, असमिया 'xoraai' (सम्मान के रूप में दिया जाने वाला कांस्य धातु का स्मृति चिन्ह), जापी (टोपी) और एक अंगवस्त्र शामिल है।

11. सभी **17 रेलवे जोन** में **स्वच्छता के लिए पहला स्थान** हासिल करने वाला रेलवे जोन_____ **दक्षिण रेलवे जोन।**

    **नोट:**

    - यह उपलब्धि हाल ही में IRCTC द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित ट्रेनों के स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रीमियम श्रेणी को छोड़कर अन्य श्रेणी की ट्रेनों के अंतर्गत थी।

## खेल समाचार

1. बिना आधुनिक उपकरणों के समुद्र में अकेले 212 दिनों में **विश्व नौकायन दौड़** जीतने वाले फ्रांसीसी नाविक___**जीन-ल्यूक वेन डेन हेडे।**

   **नोट:**

   - वह 30,000 मील की **गोल्डन ग्लोब रेस** को पूरा करने वाले सबसे बुजुर्ग व्यक्ति हैं।





- इस दौड़ में एकल नाविकों का एक कागज के मानचित्र के साथ समुद्री यात्रा करना और केवल कभी-कभी बाहरी दुनिया के साथ लघु-तरंग रेडियो के माध्यम से संचार करना शामिल है।

2. **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC)** ने इस वर्ष की पुरुषों की टेस्ट और एकदिवसीय टीमों का कप्तान किसे चुना ___**विराट कोहली।**

**नोट:**

- **विराट कोहली** (30 वर्षीय) आई.सी.सी क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए **सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी** जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने, इसके साथ ही उन्हें आई.सी.सी का पुरुष **टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर** और **आई.सी.सी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर** पुरस्कार भी प्रदान किया गया।
- कोहली को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए ICC की वर्ष 2018 टेस्ट और एकदिवसीय टीमों का कप्तान भी बनाया गया।

3. ऑस्ट्रेलिया में भारत की पहली टेस्ट श्रृंखला जीत के बाद वरिष्ठ चयन समिति के प्रत्येक सदस्य के लिए **20 लाख रुपये के बोनस** की घोषणा किसने की___ **बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (BCCI)।**

**नोट:**

- विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने एकदिवसीय श्रृंखला में 2-1 की जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई दौरे को पूरी तरह सफल बनाने से पहले चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 2-1 से ऐतिहासिक जीत हासिल की थी।
- इससे पहले, BCCI ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत की पहली टेस्ट श्रृंखला जीत में शामिल ग्यारह खिलाड़ियों में से प्रत्येक को प्रति मैच 15 लाख रुपये के नकद पुरस्कारों की घोषणा की थी।
- भारतीय बोर्ड ने सभी आरक्षित खिलाड़ियों के साथ-साथ सहायक कर्मचारियों के सदस्यों के लिए भी नकद पुरस्कारों की घोषणा की थी।

4. एकदिवसीय मैच में **सबसे तेज 100 एकदिवसीय विकेट** (56वें मैच में) लेने वाले भारतीय गेंदबाज ___ **मोहम्मद शमी।**

**नोट:**

- **मोहम्मद शमी** नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच में **सबसे तेज 100 एकदिवसीय विकेट** (56वें मैच में) लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए।
- इससे पहले, वर्ष 2006 में इरफान पठान (59वें मैचों में) के नाम पर यह भारतीय रिकॉर्ड था।
- वर्तमान में, यह विश्व रिकॉर्ड राशिद खान (अफगानिस्तान के लेग स्पिनर) के नाम पर है, जिन्होंने केवल 44 एकदिवसीय मैचों में यह उपलब्धि हासिल की।

5. ICC पुरुष टी-20 विश्व कप 2020 वर्ष के अंत में कब आयोजित होगा____**18 अक्टूबर से 15 नवंबर।**

**नोट:**

- **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC)** ने वर्ष 2020 में होने वाले **ICC T20 विश्व कप** (ऑस्ट्रेलिया) की तारीखों की घोषणा की।
- **भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ग्रुप 2** में है, जिसमें इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान और दो क्वालीफायर टीमें भी शामिल हैं।

6. ICC महिला टी-20 विश्व कप 2020 कब आयोजित होगा ____**21 फरवरी से 8 मार्च।**

**नोट:**



Free mock test for
SSC CGL 2018
ATTEMPT NOW

- यह पहली बार है जब पुरुष और महिला टूर्नामेंट एक ही वर्ष में और एक ही देश में अलग-अलग समय पर आयोजित किए जाएंगे।
- **भारतीय महिला क्रिकेट टीम ग्रुप A** में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और एक क्वालिफायर के साथ है।

7. क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपने सन्यास की घोषणा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी____ **जोहान बोथा।**

**नोट:**

- बोथा ने दक्षिण अफ्रीका के ओर से वर्ष 2005 से 2012 तक पांच टेस्ट मैच, 78 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और 40 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले।
- बोथा ने 10 एकदिवसीय मैचों में दक्षिण अफ्रीकी टीम की कप्तानी की और वर्ष 2009 में ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराने के बाद टीम को नंबर 1 के स्थान तक पहुंचाया।

8. इंडोनेशिया मास्टर्स का महिला एकल खिताब जीने वाली भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी ___ **साइना नेहवाल।**

**नोट:**

- कैरोलिना मारिन (स्पेन) पैर में चोट के कारण फाइनल से बाहर हो गईं।
- एंडर्स एंटोनसेन (डेनमार्क) ने 2019 इंडोनेशिया मास्टर्स का पुरुष एकल खिताब हासिल करने के लिए विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कैंटो मोमोटा (जापान) को हराकर अपना पहला इंडोनेशिया मास्टर्स जीता।
- DAIHATSU इंडोनेशिया मास्टर्स 2019 एक बैडमिंटन टूर्नामेंट है जो इंडोनेशिया के इस्तोरा गेलोरा बुंग कार्नो में आयोजित हुआ और इसमें पुरस्कार की कुल धनराशि 350,000 अमेरिकी डॉलर है।

9. भारत के कार्तिक शर्मा ने कहां पर आयोजित न्यू साउथ वेल्स पुरुष एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप जीती____ **ऑस्ट्रालिया।**

**नोट:**

- कार्तिक (गुड़गांव से) ने चैंपियन बनने के लिए निर्धारित 36-होल के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के नाथन बारबेरी पर जीत दर्ज की।
- उन्हें ऑस्ट्रेलिया में तीन प्रतिस्पर्धाओं के लिए भारतीय गोल्फ संघ का प्रतिनिधि चुना गया था।

10. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) द्वारा **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी से निलंबित** किए गए भारतीय क्रिकेटर ____ **अंबाती रायडू।**

**नोट:**

- ICC के अनुसार, निलंबन तब तक प्रभावी रहेगा जब तक उनके गेंदबाजी तरीके के परीक्षण से यह सिद्ध नहीं हो जाता कि वह सही तरीके से गेंदबाजी कर सकते हैं।

11. मेलबर्न में अपना **7वां ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष एकल खिताब** जीतने वाले सर्बियाई पेशेवर टेनिस खिलाड़ी____ **नोवाक जोकोविच।**

**नोट:**

- उन्होंने नडाल को सीधे तौर पर एकतरफा मुकाबले में 6-3, 6-2, 6-3 से हराया।
- 2019 ऑस्ट्रेलियन ओपन (107वां संस्करण) एक ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट था जो 14 से 27 जनवरी, 2019 तक मेलबर्न पार्क में आयोजित हुआ।



Free mock test for SSC CGL 2018 ATTEMPT NOW

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2019 विजेताओं की सूची:

| क्रमांक | वर्ग | विजेता | उप-विजेता |
|---|---|---|---|
| 1 | पुरुष एकल | **नोवाक जोकोविच** (सर्बिया) | **राफेल नडाल** (स्पेन) |
| 2 | महिला एकल | **नाओमी ओसाका** (जापान) | **पेट्रा क्वितोवा** (चेक गणराज्य) |
| 3 | पुरुष युगल | **पियरे-ह्यूगस हर्बर्ट** (फ्रांस) एवं **निकोलस माहुत** (फ्रांस) | **हेनरी कोंटीनेन** (फिनलैंड) एवं **जॉन पीयर्स** (ऑस्ट्रेलिया) |
| 4 | महिला युगल | **सामंथा स्टोसुर** (ऑस्ट्रेलिया) एवं **झांग शुआई** (चीन) | **टीमिया बाबोस** (हंगरी) एवं **क्रिस्टीना मलादेनोविक** (फ्रांस) |
| 5 | मिश्रित युगल | **बारबोरा क्रेजीकोवा** (चेक गणराज्य) एवं **राजीव राम** (अमेरिका) | **एस्ट्रा शर्मा** (ऑस्ट्रेलिया) एवं **जॉन-पेट्रिक स्मिथ** (ऑस्ट्रेलिया) |

--------------0--------------





TestSeries

# एस.एस.सी सी.जी.एल, सी.पी.ओ एवं आर.आर.बी ग्रूप डी ए.एल.पी/ तकनीशियन, आर.पी.एफ एस.आई/कांस्टेबल एवं राज्य परीक्षाएं

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न के आधार पर
- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है
- ऑल इंडिया रैंक और प्रदर्शन विश्लेषण
- समाधानों का विस्तृत विवरण
- वेब और मोबाइल पर उपलब्ध है

GET IT ON Google Play




www.gradeup.co